


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 280/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14


भोपाल, मंगलवार 20 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## CJI गवई की प्रोटोकॉल संबंधी आपत्ति से उपराष्ट्रपति भी सहमत बोले कि मैं भी इससे पीड़ित

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के प्रोटोकॉल संबंधित विचारों को दोहराते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। धनखड़ ने यह भी कहा कि वह भी प्रोटोकॉल के पीड़ित हैं। इससे पहले सीजेआई गवई ने रविवार को इस बात को लेकर नाराजगी जताई थी कि महाराष्ट्र के मुख्य सचिव,



पुलिस महानिदेशक या मुंबई पुलिस आयुक्त, गवई के शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने के बाद राज्य के उनके पहले दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए मौजूद नहीं थे।

चीफ जस्टिस के तौर पर 14 मई को शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस मुद्दे पर काफी बवाल भी हुआ। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोमवार को धनखड़ ने कहा कि आज सुबह उन्हें देश में कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण बात याद आई। यह मेरे बारे में नहीं है। हमें प्रोटोकॉल में विश्वास करना चाहिए। धनखड़ ने एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश ने प्रोटोकॉल को बहुत महत्व दिया। जब उन्होंने यह संकेत दिया, तो यह व्यक्तिगत नहीं था, यह उनके पद के लिए था, और मुझे यकीन है कि यह बात सभी को ध्यान में रखनी चाहिए।

## सिविल जज बनने के लिए 3 साल बतौर वकील प्रैक्टिस जरूरी, सुप्रीमकोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि सिविल जज जूनियर डिविजन के पद के लिए उम्मीदवार अब सीधे परीक्षा पास कर नियुक्त नहीं हो सकेंगे और उन्हें तीन साल कम से कम बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि %देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं, उनके चलते कई समस्याएं हुई हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को न्यायपालिका में दाखिल होने के लिए कम से कम तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी होगा।

**अदालती कामकाज का अनुभव मिलना जरूरी-** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश की न्यायिक व्यवस्था पर दूरगामी असर पड़ेगा। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आने से पहले अदालत का अनुभव मिलना बेहद जरूरी है। सीजेआई ने कहा कि %कई उच्च न्यायालयों ने अनुभव किया है कि युवा कानून स्नातकों को न्यायिक पदों पर नियुक्त करने से कई समस्याएं होती हैं। अदालत के कामकाज का प्रैक्टिकल अनुभव न्यायिक व्यवस्था की दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया जज एसोसिएशन की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

## तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी, एमपी से चलेगी भारत गौरव ट्रेन, इन प्रसिद्ध धामों का होंगे दर्शन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए एक जरूरू और स्वागतयोग्य खबर आई है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम आगामी दिनों में दो विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए थीम आधारित सर्किट पर चलाई जाएंगी, जिनमें यात्रियों को आरामदायक यात्रा के साथ-साथ प्रमुख




धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का मौका मिलेगा।

÷देवभूमि बद्री केदार कार्तिक स्वामी÷ नामक यह ट्रेन 7 जून को नागपुर से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का मार्ग नागपुर, इटारसी, भोपाल (भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन), बीना, झांसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से होकर गुजरेगा। यात्रियों को इन स्टेशनों से ट्रेन पकडने् की सुविधा होगी। यह यात्रा कुल 8 रात और 9 दिनों की होगी, जिसमें केदारनाथ, कार्तिक स्वामी और बद्रीनाथ के पवित्र धामों के दर्शन कराए जाएंगे।



**राजवाड़ा के सामने सीएम के साथ मंत्रियों की तस्वीर**

कैबिनेट बैठक से पहले सभी मंत्रियों ने राजवाड़ा के सामने सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ फोटोशूट करवाया।

### इंदौर के राजवाड़ा में पहली बार कैबिनेट की बैठक

# पीएम मोदी 31 को करेंगे इंदौर मेट्रो, दतिया-सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण

### दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार

**इंदौर।** डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक आज इंदौर के राजवाड़ा के गणेश हॉल में हुई। हॉल में देवी अहिल्या की मूर्ति को सीएम से आगे रखा है। मूर्ति के दांयी तरफ सीएम बैठे हैं। बैठक से पहले देवी अहिल्या का स्मरण कर पुष्पांजलि दी गई। बैठक के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल आएंगे। दो लाख महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। महिला कामगारों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। पीएम इंदौर मेट्रो, दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे।



**महिला कामगारों के लिए विशेष योजना-** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महिला श्रमिकों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से सभी औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधायुक्त केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य वातावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे महिला कामगारों का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

**घायल की मदद करने वाले को सरकार देगी 25 हजार का इनाम-** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने 'राहवीर योजना' के तहत एक नया फैसला लिया है। अक्सर देखा जाता है कि सड़क हादसे होने पर लोग घायल को देखकर भी मदद किए बिना आगे निकल जाते हैं। इस प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अब यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे सरकार की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।



**किसानों को फसल खरीदी के बदले 20 हजार करोड़ का भुगतान-** राज्य सरकार ने इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 से 2500 रुपए तय होने के बावजूद गेहूं की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 30 लाख मीट्रिक टन अधिक अनाज खरीदा गया है। इसके बदले किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है।



**मंत्री प्रहलाद पटेल बोले- देवी अहिल्या बाई की कोई तुलना नहीं**

मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा, माता देवी अहिल्या बाई की कोई तुलना नहीं है। हमें उनके जीवन से सीखना चाहिए। हम महेश्वर भी गए थे कैबिनेट के लिए तब भी यही कोशिश थी कि हम कुछ सीखकर यहां से जाएं।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय को दी किंग कोबरा (मेल) की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्करकी नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्री परिषद की बैठक से पहले आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर किंग कोबरा (मेल) की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए किंग कोबरा (मेल) को स्नैक पार्क में छोड़ा। इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा किंग कोबरा (मेल) के लिए बनाए गए आवास की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बेहतर इको-सिस्टम के लिए सर्प संरक्षण के लिए किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सर्प है, जिसकी लंबाई 18 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा को सबसे बुद्धिमान साँपों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह परिस्थितियों के अनुसार अपने शिकार करने की रणनीति बदलता है।

### पांच बड़े शहरों में बनेगा मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण

राज्य सरकार ने इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इसमें कुछ क्षेत्र देवास और धार जिलों से भी जोड़े जाएंगे। इस प्राधिकरण के लिए नियमों को मंजूरी दे दी गई है। इसे इस तरह से तैयार किया गया है कि नगर निगमों के नियमित कार्यों में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे। इस प्राधिकरण के तहत भविष्य में इन शहरों की पेयजल आवश्यकताओं, खेती के लिए जल आपूर्ति, और यातायात प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की योजना बनाई जाएगी, ताकि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को सुव्यवस्थित ढंग से संभाला जा सके।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर होलकर साइंस कॉलेज में क्लास में बैठकर विद्यार्थियों से किया संवाद



मंगलवार को इंदौर में आयोजित होने वाली कैबिनेट बैठक के लिए पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होलकर साइंस कॉलेज पहुंच कर विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, कैबिनेट बैठक के पूर्व होलकर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की।

**इंदौर बैठक की विस्तृत खबर पेज 3 पर**

## पूरा पाकिस्तान हमारी रेंज में : सेना अधिकारी

### रावलपिंडी से खैबर पख्तूनख्वाह तक कहीं भी स्ट्राइक कर सकते हैं

**नई दिल्ली/श्रीनगर एजेंसी।** भारतीय सेना ने कहा है कि भारत के पास इतनी ताकत है कि वह पाकिस्तान के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकता है। एयर डिफेंस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान ने कहा- चाहे पाकिस्तानी सेना अपना मुख्यालय रावलपिंडी से हटाकर खैबर पख्तूनख्वाह तक कहीं और क्यों न ले जाए, वह हमारी रेंज में ही रहेगा।



इधर, इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, सिर्फ रोका गया है। उन्होंने पाकिस्तान से मांग की कि हाफिज सईद, सज्जाद मीर और जकीउर रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकियों को भारत को सौंपा जाए। उन्होंने कहा- हमने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारत अब नई रणनीति पर काम कर रहा है, जहां भी आतंकी होंगे, हम हमला करेंगे और उनके ठिकाने तबाह करेंगे। उधर, भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ हमारे स्वदेशी हथियार बेहद कारगर रहे। आकाशतीर डिफेंस सिस्टम और L-70 एयर डिफेंस गन ने पाकिस्तान के हर ड्रोन और मिसाइल को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ने ये हमले 9-10 मई को किए थे।



आज महापौर मालती राय के जन्मदिन दिवस के उपलक्ष में मानव औषधि पार्क तुलसी नगर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण किया इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, जॉन अध्यक्ष बृजुला सचान, समाजसेवी मीता वाधवा एवं रहवासी गण उपस्थित रहे।

## नहीं रहे पद्मविभूषण खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर, विज्ञान जगत में शोक की लहर

**पुणे।** विश्वविख्यात खगोलशास्त्री और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. जयंत नार्लीकर का पुणे स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे और सोमवार रात सोते समय



उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से वैज्ञानिक समुदाय और विज्ञान प्रेमियों में शोक की लहर छा गई है। 19 जुलाई 1938 को कोल्हापुर में जन्मे डॉ. नार्लीकर ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। उन्होंने सर फ्रेड होयल के साथ मिलकर ÷होयल-नार्लीकर गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत÷ विकसित किया, जिसने वैश्विक खगोल विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें 1965 में पद्म भूषण और 2004 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उन्होंने पुणे में अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी केंद्र (आईयूसीए) की स्थापना की और इसके निदेशक के रूप में कार्य किया।

# समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून, अगले 4-5 दिनों में मिल सकती है खुशखबरी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।

आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को एक अपडेट में बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां



अनुकूल होने की संभावना है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून ने दस्तक दी थी। 2023 में मानसून 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल पहुंच था। आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून सीजन में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान लगाया था। इसमें अल नीनो की स्थिति की संभावना को खारिज कर दिया गया था। अल नीनो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से के लिए जिम्मेदार होता है।

## एमपी से गुजर रही टर्फ, आंधी-बारिश का दौर, रीवा में करंट से किसान की मौत; भोपाल-इंदौर समेत 40 जिलों में आज अलर्ट


**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लगातार 20वें दिन मंगलवार को भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

इधर, रीवा के जवा तहसील के चटेह गांव में आज सुबह करीब 7 बजे बिजली की तार की चपेट में आने से 59 साल के किसान गोपीकृष्ण मिश्रा की मौत हो गई। हादसे में उनकी दो भैंसें भी मर गईं। स्थानीय लोगों ने मुताबिक सोमवार को आए आंधी-तूफान में कई पेड़ों के साथ बिजली के पोल और लाइनें टूट गई थीं। इसमें चटेह गांव के पास से गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन भी टूटकर जमीन पर गिर गई थी। इससे पहले सोमवार को 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। इंदौर के महू और बड़वानी में तो घरों की टिन शेड भी उड़ गईं। वहीं, खंडवा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग घायल हो गए। खालवा और पिपलोद क्षेत्र में हुई इन घटनाओं में एक छात्रा की स्थिति गंभीर होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया। इसके अलावा एक किसान के दो बैलों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में सात सिस्टम की एक्टिविटी है। एक टर्फ तो प्रदेश के बीचोंबीच से गुजर रही है। इस वजह से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, ग्वालियर-चंबल में पहले लू का अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से अगले 4 दिन तक बारिश होने के आसार है।

सांध्यप्रकाश विशेष | त्वरित टिप्पणी

## बदजुबानी और अभद्र भाषा चिंतनीय

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के साथ विजय शाह को फिलहाल राहत



जी.के. छिब्बर

मध्यप्रदेश के मंत्री कुंवर विजयशाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्बंध में अपशब्द और बदजुबानी के ब्यान पर अब सुप्रीम कोर्ट से भी घिर गए है हालांकि उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है सुप्रीम कोर्ट की पीठ न्यायामूर्ति सूर्यकांत एवम न्यायामूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह ने 19 मई की सुनवाई में याचिकाकर्ता मंत्री विजयशाह की माफी को अस्वीकार कर इसे केवल बचाव का दिखावा कहां है पीठ ने तीन बाहरी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी के गठन के आदेश देकर मुश्किल में डाल दिया है। भारत में जिस तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का खुले आम दुरुपयोग हो रहा है वह गंभीर चिंता का विषय बन गया है यह देखा गया है की ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोशल मीडिया पर अनेक देशद्रोही टिप्पणियां आ रही है और कई देशद्रोही पकड़े जा रहे हैं देश की सेना पर सवाल उठाए जा रहे है जो की पाकिस्तान टीवी की सुर्खियां बन रहे है जो की शर्मनाक है। हम सीमा पर दुश्मनों से तो आसानी से लड़ सकते हैं परंतु देश के अंदर जो गद्दार छिपे है उन्हें पहचानना है उनसे पहले निपटना है जब देश के जन प्रतिनिधि ही अपनी वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे तो हम आम नागरिकों से क्या अपेक्षा करे यह नेता क्या आदर्श हो सकते है जो अपनी ही सेना पर सवाल उठाते हैं सर्वोच्च न्यायालय भी चिंतित है अब उदारता उचित नही है बदजुबानी और अभद्र भाषा पर गंभीर दंड मिलना चाहिए।

सहकारिता मंत्री द्वारा करोंद क्षेत्र में सेवा सदन आंख जांच केन्द्र का उद्घाटन

# संत हिरदाराम साहिब ने अध्यात्म के साथ सेवा का मार्ग दिखाया : मंत्री सारंग



**संत हिरदाराम नगर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार राजधानी के करोंद क्षेत्र के सेवा सदन के 39वें दृष्टि जांच केन्द्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग, सेवा सदन के मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी साधवानी, ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी, राजकुमार मूलचंदानी ने गणेश जी और संत हिरदाराम साहिब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नरेला विधानसभा के प्रभारी विजय सिंह, नीरज पचौरी, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अशोक वाणी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। विज़न सेंटर खुलने के पहले दिन 107 रोगियों ने अपनी आंखों की निःशुल्क जांच करवाई इनमें 33 रोगियों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई उनके ऑपरेशन मंगलवार को सेवा सदन में किए जाएंगे जबकि अन्य 56 लोगों को निःशुल्क ड्राप्स प्रदान किए गए। यह जांच केंद्र प्रतिदिन प्रात 9 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। केंद्र पर जांच के लिए ओ.पी.डी शुल्क 50 रूपए प्रति व्यक्ति रखा गया है।

इस अवसर पर सारंग ने कहा कि संत हिरदाराम साहिब ने अपने जीवनकाल में समाज को आध्यात्म के साथ ही सेवा कार्यो में अग्रणी रहने का रास्ता दिखाया। भोपाल शहर के महान संतो में संत हिरदाराम जी का नाम अग्रणी स्थान पर है और रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा सदन नेत्र अस्पताल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को नेत्र सुरक्षा और उनके मुफत इलाज की व्यवस्था अनेक बरसों से करता आ रहा है। उन्होनें सेवा सदन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेला विधानसभा के करोंद क्षेत्र में सेवा सदन आंख जांच केंद्र खुलने से करोंद ही नहीं बल्कि आस-पास क्षेत्रों के लोगों को भी दृष्टि दोष और नेत्र रोगों की बेहतर जांच और उपचार सुविधा मिल सकेगी। सारंग ने कहा कि समाज, संत हिरदाराम साहिब के बताये मार्ग पर चलकर सेवा के प्रत्येक प्रकल्प को मजबूत करते हुए जो दीन, हीन और मलिन वर्गो के मरीजों की सेवा करते रहें।

जांच केंद्र के उद्घाटन अवसर पर सेवा सदन के चेयरमेन सिद्ध भाउ ने अपनी शुभकामनाएं सम्प्रेषित की और आशा व्यक्त की कि जांच केंद्र से करोंद क्षेत्र के रहवासी अधिक से अधिक लाभ लेंगे। सेवा सदन के मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी साधवानी व ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी ने उपस्थित जन समूह को दृष्टि जांच केन्द्र की स्थापना के उद्देश्य तथा अस्पताल द्वारा विगत् 38 वर्ष में किये गये कार्यों का लेखा जोखा बताया। आवतरामानी ने कहा कि पहले 60 बरस या उससे अधिक उम्र वाले लोगों को मोतियाबिन्द की शिकायत होती थी, लेकिन अब पर्यावरणीय दुष्प्रभावों, खानपान और बिगड़ती हुई जीवनशैली, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, एन्ड्रोइड सेलफोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप, स्मार्ट टीवी आदि उपकरणों के बहुतायत उपयोग के कारण कम उम्र में ही लोगों की दृष्टि खराब होने लगी है।

## गुफा मंदिर में बूढ़े हनुमान जी महाराज का किया सहस्त्रधारा अभिषेक



**भोपाल।** ज्येष्ठ मास के पड़ने वाले बड़ा मंगलवार कहते हे आज माह का द्वितीय मंगलवार को श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर धाम में प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में गुफा मंदिर के श्री महंत श्री देवाचार्य स्वामी रामप्रवेशदेवाचार्य महाराज के सानिध्य, पंडित लेखराज शर्मा के आचार्यत्व में एकादश वैदिक ब्राह्मणों ने श्री बूढ़े हनुमान जी महाराज का सहस्त्रधारा अभिषेक विविध वस्तुओं तथा त्रिवेणी संगम के गंगाजल से अभिषेक पूजन कर दिव्य श्रृंगार किया आरती कर प्रसादी वितरण किया। पंडित लेखराज ने अभिषेक किया।

## शनि जयंती पर 121 कुंडीय अखंड नवग्रह महायज्ञ एवं संगीतमय भागवत राम कथा



**भोपाल।** श्री संकट मोचन वीर हनुमान प्राचीन नवग्रह मंदिर नवग्रह शनी धाम नेहरू नगर भदभदा रोड भोपाल पर 19 मई से शनि जयंती महापर्व 2025 मनाया जा रहा है मंदिर संस्थापक आचार्य पंडित गजेंद्र धर्माधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर 121 कुंडीय अखंड नवग्रह महायज्ञ एवं संगीतमय भागवत एवं राम कथा का आयोजन किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा का वचन कथा व्यास पंडित महाराज जितेंद्र वैष्णव जी करेंगे एवं श्री राम कथा का वचन पंडित महाराज वैभव भटेले जी करेंगे जो 19 मई 2025 सोमवार से 27 मई 2025 मंगलवार तक होगा इसमें अनवरत 24 घंटे कुंडीय महायज्ञ होगा 27 मई मंगलवार को शनि मूर्ति 51 फीट का विशेष पूजन किया जाएगा एवं 27 मई को ही भंडारा एवं प्रसाद वितरण होगा यह महायज्ञ का 36वां वर्ष पंडित गजेंद्र धर्माधिकारी ने सभी भक्तजनों से कुंडी अखंड नवग्रह महायक एवं राम कथा में शामिल होकर जीवन सफल बनाएं

## केंद्रीय अपर सचिव सोनल मिश्रा ने आईटीआई के प्रशिक्षण को बताया अत्याधुनिक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की अपर सचिव सुश्री सोनल मिश्रा (भा.प्र.से.) ने आज शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (द्धङ्गद्ध) इंदौर का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेडस का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभवों को जाना।

केन्द्रीय अपर सचिव सुश्री मिश्रा ने ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे नवाचार से जुड़े ट्रेड्स को विशेष रुचि से देखा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की और इस प्रशिक्षण सुविधा को अत्याधुनिक बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक के साथ कदमताल करते हुए आईटीआई इंदौर जिस तरह युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है, वह राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल है। प्रशिक्षुओं में तकनीकी समझ, जिज्ञासा और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

केन्द्रीय अपर सचिव सुश्री मिश्रा ने शासकीय ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान, इंदौर का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने ट्रैफिक सिमुलेशन, ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण की संरचना को देखा और प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण पद्धति पर संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों और अधोसंरचना को अत्यंत सराहनीय बताया। केन्द्रीय अपर सचिव ने उपस्थित अधिकारियों से संस्थान की कार्य-प्रणाली, इंडस्ट्री लिंकज, प्लेसमेंट रिकॉर्ड और अपस्किलिंग की दिशा में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली और सुझाव दिए कि युवाओं को उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'कौशल से समृद्धि' के विजन और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में चल रहे उन प्रयासों को सशक्त करता है, जिनका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। संचालनालय कौशल विकास द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण को नई दिशा देने और आधुनिक ट्रेड्स से जोड़ने का कार्य लगातार जारी है, जिससे मध्यप्रदेश देश के कौशल मानचित्र पर अग्रणी राज्य बन सके। भ्रमण में संचालनालय कौशल विकास, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारीगण, संस्थान के प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी, औद्योगिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।



**भोपाल। महापौर मालती राय ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कैंसर हॉस्पिटल में भोजन वितरण किया। इस अवसर पर महापौर मालती राय, जोन अध्यक्ष वृजुला सचान, पार्षद सरोज असेरी, पार्षद प्रियंका मिश्रा एवं मां अन्नपूर्णा चैरिटेबल के सदस्य गण उपस्थित रहे।**

## स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन में सुधार के संबंध में दिये निर्देश


**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति वर्ष-2022 के क्रियान्वयन के संबंध में समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार स्वैच्छिक आवेदन के लिये अंतिम तिथि 21 मई 2025 नियत की गई है। स्वैच्छिक स्थानांतरण प्रारंभ होने के बाद बड़ी संख्या में शिक्षकों द्वारा वर्तमान पदस्थी दिनांक, विषय परिवर्तन, उच्च पद प्रभार के उपरांत से संबंधित प्रविष्ठि में सुधार किये जाने के लिये निरंतर आवेदन प्रस्तुत किये जा रहे हैं। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक सुधार के लिये पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी शिक्षकों को सूचित किया है कि वे यदि स्वयं के द्वारा किये गये स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं तो स्कूल एजुकेशन पोर्टल 3.0 ओटीपी के माध्यम से अपने आवेदन को अनलॉक कर पूर्णतः डिलीट कर सकते हैं अथवा संशोधित विकल्प चुनकर पुनः निर्धारित तिथि तक लॉक कर सकते हैं। ऐसे अतिशेष शिक्षक जो त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण अतिशेष हैं वे अपने स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन को सुधार या डिलीट कर सकते हैं।

## भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित सिंदूर प्रीमियर लीग का हुआ भव्य आगाज़




**संत हिरदाराम नगर।** सिंदूर प्रीमियर लीग का शुभारंभ बाबेअली ग्राऊंड पर सेना को समर्पित करते हुए तिरंगे रैली निकाल किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का आधार हैं। इस अवसर पर मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनको प्रोत्साहन बढ़ाया। टूर्नामेंट में पारिवारिक वातावरण के साथ फैमिली जोन, फ़ूड स्टॉल, दर्शकों क़ो ढेरो इनाम के साथ, सेना के शौर्य का अनुभव कर प्रदर्शनी के साथ अपना फोटो ( सेल्फ़ी ) लेने के लिए भी देश की शान बढ़ाने वाली इंडियन आर्मी की कर्नल सोफ़िया कुरेशी एवं इंडियन एयरफ़ोर्स की कमांडर वियोमिका सिंग का स्टेच्यु भी स्टेडियम में भव्य रूप से लगाया गया है। सिंधु सेना के अध्यक्ष व इस टुमानमेंट के संयोजक राकेश कुकरेजा ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित करते हुए इस वर्ष इस एस. पी.एल को सिंदूर प्रीमियर लीग के नाम दिया गया है। यह टूर्नामेंट 25 मई तक बाबे आली स्टेडियम पर आयोजित किया जा रहा है।

## गीता में भगवान श्रीकृष्ण की तीन ही विषयों पर बात




गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने तीन ही विषयों पर बात की है -- कर्म, भक्ति और ज्ञान। समग्रता से देखें तो इनमें कोई भेद नहीं है। हमारे विचार, भाव, व कामनाएँ -- हमारे कर्म हैं। जो भी हम सोचते हैं, या चाहते हैं, -- वह हमारे कर्मो के खाते में जुड़ जाता है। भगवान से परमप्रेम -- भक्ति है। भक्ति से हमारा अन्तःकरण ( मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ) पवित्र होता है। अन्तःकरण के पवित्र होने पर ज्ञान की सिद्धी होती है। ज्ञान की सिद्धि से समत्व में स्थिति होती है। तब सिद्धी और असिद्धि में कोई भेद नहीं रहता। यह समत्व ही गीता का योग है। कहने का तात्पर्य हैं कि गीता हमें सिखाती है कि जीवन का प्रत्येक क्षण योग बन सकता है, यदि हम अपने कर्मों को शुद्ध, भावनाओं को भक्तिमय और चित्त को ज्ञानमय बनाएं। यह समत्व का मार्ग है, जहां न कोई भेद रहता है, न कोई द्वंद्व। श्रीकृष्ण का यह उपदेश आज भी प्रासंगिक है, जो हमें आध्यात्मिक उत्थान की ओर प्रेरित करता है। कर्म से प्रारंभ करें, भक्ति में लीन हों, और ज्ञान में समत्व प्राप्त करें—यही गीता का योग है, यही जीवन की सार्थकता है।

# स्वस्थ समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए मप्र प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री रेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राइट टू हेल्थ के साथ राइट टू स्क्रीनिंग भी आवश्यक है। राज्य ने सिकल सेल, टीबी और अन्य बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज को प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन, टीबी मुक्त भारत अभियान, निरोगी काया अभियान में मध्यप्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन, मध्यप्रदेश की प्रतिबद्धता स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि यह परिणाम हमें आश्वस्त करते हैं कि स्वस्थ सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में हम शीघ्र सफल होंगे। प्रदेश में निक्षय भारत अभियन के अंतर्गत 23 जिलों में 78.14 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई, 21,992 टीबी मरीज चिन्हित हुए, 28,664 निक्षय मित्र बनाए गए और 23,818 फूड-बास्केट वितरित किये गये। अभियान में उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। प्रदेश में नए बने जिलों के अतिरिक्त सभी जिलों में क्षय रोग की जांच के लिए हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध हैं।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में 1.05 करोड़ स्क्रीनिंग हुई, 28,297 मरीजों का इलाज हुआ और 75.36 लाख कार्ड वितरित किये गये। इसके उपचार के लिए बीएमएचआरसी भोपाल और एमजीएम इंदौर में 2 सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस उपलब्ध हैं। साथ ही, संजय गांधी चिकित्सालय रीवा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया गया है। उच्च रक्तचाप के 77.73 लाख, मधुमेह के 76.07 लाख, एनएएफएलडी के 33.94 लाख, ओरल कैंसर के 11.90 लाख, सर्वाइकल कैंसर के 3.38 लाख और स्तन कैंसर के 5.59 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई। प्रदेश के 52 डे-केयर में 42 प्रकार की कैंसर रोधी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। दिसंबर-2024 के पल्स पोलियो अभियान में 36 लाख बच्चों को 99त्न लक्ष्य के साथ पोलियो खुराक दी गई। 6 जनवरी 2025 से शुरू 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने अब तक 21 जिलों के 87 विकासखंडों के 1268 ग्रामों में 2.08 लाख रोगियों को सेवा दी है। अब प्रदेश में इमरेजेंसी पेसेंट्र से लिए एयर एम्बुलेंस भी उपलब्ध है। इस सेवा से अब तक 61 नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षा में सतत विस्तार और उन्नतिकरण हुआ है। प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज है। सत्र 2024-25 में 400 नई एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध हुई हैं। आगामी वर्ष में 6 मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे। साथ ही पीपीपी मोड में 12 शासकीय कॉलेज भी स्थापित किये जायेंगे। 2300 और सीटों की वृद्धि संभावित है। सुपर स्पेशियलिटी सीटें 47 से बढ़कर 64 हुई हैं, जबकि नॉन-क्लिनिकल विषयों में 291 सीनियर रेजिडेंट पद सृजित हुए हैं। भोपाल और इंदौर मेडिकल कॉलेज एम्स की तर्ज पर उन्नत किए जा रहे हैं। प्रदेश में 13 नए नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन है, शेष 27 जिलों में भी इनकी स्थापना प्रस्तावित है। जबलपुर में बोन मेरो ट्रांसप्लांट, इंदौर में सीएआर-टी सेल थेरेपी और रक्त विकिरणक मशीन की सेवा शुरू की गई। 15वें वित्त आयोग और पीएम अभीम के तहत 271 उप स्वास्थ्य केंद्र, 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 79 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, 15 आईपीएचएल, 1 क्रिटिकल केयर ब्लॉक, 5 ब्लड बैंक और 2 मैटरनिटी वार्ड सहित 37 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए। एनक्यूएएस के तहत 1977 संस्थाएँ अभिप्रमाणित, 176 लेबर रूम, 53 मेटरनिटी ओटी, 22 एसएनसीयू मुस्कान अभिप्रमाणित, 30 पैथोलॉजी लैब एनएबीएल प्रमाणित और 24 ब्लड बैंक ऑटोमेटेड हैं। प्रदेश में 10 हज़ार करोड़ के स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्य प्रगतिरत हैं। 'हेल्थ केयर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी-2025' लॉन्च की जा चुकी है। नीति 2020 के अंतर्गत 120 करोड़ रूपए के 84 प्रस्ताव और नई नीति में 200 से अधिक 'इंटेंशन टू इन्वेस्ट' प्राप्त हो चुके हैं।



**आयुष्मान भारत में अग्रणी:** अब तक 4.29 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना में 58 लाख लाभार्थियों को 8,757 करोड़ रूपए की सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। योजना में शामिल किए जाने के बाद से 40 लाख वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाकर मध्यप्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्यः मातृ शिशु संजीवन मिशन और अनमोल 2.0 प्रारंभ किये गए हैं। प्रदेश में 173 से घटकर 80, को 31 से 10 और को 43 से 20 तक लाने का लक्ष्य तय किया गया हैं। अनमोल 2.0 के माध्यम से शत-प्रतिशत ट्रैकिंग, गर्भवती महिलाओं को जाँच और पोषण आहार के लिए प्रेरित करना, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना और जननी सुरक्षा योजना के भुगतान को सुगम बनाया जाएगा। प्रदेश में और स्तनपान सहायता इकाइयों की स्थापना की गई है। हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष पैकेज निजी अस्पतालों तक विस्तारित हुए हैं। मध्यप्रदेश में 30 से 65 वर्ष की 39.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई, 12,251 को उपचार उपलब्ध कराया गया। प्रदेश में 111 लाख महिलाओं की स्तन कैंसर जाँच की जा कर अब तक 8000 मरीजों की कीमोथेरेपी कारई जा चुका है। भारत सरकार ने मध्यप्रदेश के डे-केयर सेंटर मॉडल को अपनाकर पूरे देश में लागू करने का प्रावधान किया है।

**ब्लड बैंक और डायलिसिस सेवाः** प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में ब्लड बैंक; 278 ब्लॉक्स में से 118 में यूनिट संचालित। साथ ही 67 ब्लॉकों में मॉडल पर डायलिसिस यूनिट्स का संचालन किया जा रहा है। शेष में 2028 तक ब्लड बैंक और डायलिसिस सेवा विस्तार की योजना है।

निःशुल्क दवाएँ और जाँच सेवाएंः प्रदेश के जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेडिकल कॉलेजों में 267, सामुदायिक केंद्रों पर 80 तरह की जाँच सेवाएँ उपलब्ध हैं। 14 जिलों में आईपीएचएल कार्यरत है। आईपीएचएल सेवा का विस्तार भी योजनाबद्ध तरीके से किया जा जा रहा है।उज्जैन में ?592.30 करोड़ से अटल मेडिसिटी का निर्माण कराया जा रहा है।

**मानव संसाधन सुदृढ़ीकरणः** वर्ष 2024-25 में 1768 रिक्त पदों (40 पीजीएमओ, 420 एमओ, 980 सीएचओ, 7 जिला कार्यक्रम प्रबंधक, 7 जिला लेख प्रबंधक, 10 जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर, आदि) पर भर्ती की गई। 3850 नए पदों (1388 विशेषज्ञ, 1832 एमओ, 469 दंत चिकित्सक) के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से और 454 लैब टेक्निशियन, 114 रेडियोग्राफर, 10 काउंसलर, 41 फिजियोथेरेपिस्ट, 619 पैरामेडिकल स्टॉफ, 10 सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 1260 एएनएम, और 1369 चतुर्थ श्रेणी अस्पताल सहायक पदों के लिए पीईबी के माध्यम से भर्ती की जा रही है। 313 फार्मासिस्ट ग्रेड-2, 100 नेत्र सहायक, 288 ओटी टेक्निशन (701 पद), और 2120 नर्सिंग स्टॉफ पदों के लिए नियम संशोधन प्रक्रियाधीन है। कैबिनेट द्वारा आईपीएचएस मानक अनुसार 30 हज़ार से अधिक चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय पदों की भर्ती की स्वीकृति दी गयी है जो कि प्रक्रियाधीन है। यह स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदेश के हर क्षेत्र में सहज प्रदाय के लिए अहम कदम है।

मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान भारत और मातृ-शिशु संजीवनी मिशन ने हाई रिस्क गर्भावस्था, कैंसर स्क्रीनिंग, डायलिसिस, रक्त सेवाओं, और चिकित्सा शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। शत-प्रतिशत मातृ और शिशु मृत्यु प्रकरणों की रिपोर्टिंग और समीक्षा, टीबी स्क्रीनिंग दर 3500 से अधिक, फॉलोअप में छूटे मरीजों को 1 प्रतिशत और मृत्यु दर को 3 प्रतिशत तक लाना, सिकल सेल रोगियों का सम्पूर्ण उपचार, 2 अतिरिक्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की शत प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग, और उच्च रक्तचाप-मधुमेह नियंत्रण को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। एनएएफएलडी के लिए आईएलबीएस के साथ एमओयू, सर्वाइकल कैंसर के लिए एचपीवी टीकाकरण, और कैंसर देखभाल के लिए उच्चतर संस्थाओं से लिंकेज प्रस्तावित हैं। सीएसआर और समुदाय से सक्रिय भागीदारी और सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह समग्र दृष्टिकोण स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करेगा और प्रदेश के हर कोने में स्वस्थ और समृद्ध जीवन सुनिश्चित करेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सराफा बाजार में मंत्रियों संग उठाया इंदौरी स्वाद का लुत्फ





**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार देर रात अपने मंत्रिमंडलीय साथियों के साथ इंदौर के प्रसिद्ध सराफा बाजार का दौरा किया। उन्होंने यहां के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। उन्होंने भुट्टे का किस, गराडू, दही बड़ा, पानी पुरी, कुल्फी और कुल्हड़ की चाय का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने जनता से संवाद कर इंदौर की सफाई और व्यंजन परंपरा को पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया। साथ ही व्यापारियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। मंत्रियों ने भी पोहा, रबड़ी-जलेबी समेत स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजन चखे। देर रात हुए इस दौरे में स्थानीय दुकानदारों और युवाओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**इंदौर बैठक का प्रथम पृष्ठ का विस्तृत समाचार**





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के स्नैक पार्क और बर्ड पार्क को देख प्रसन्नता व्यक्त की



**इंदौर।** मां अहिल्याबाई की नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्रि-परिषद की बैठक के लिए पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय पहुंच कर किंग कोबरा की सौगात दी और चिड़ियाघर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए नर किंग कोबरा को स्नैक पार्क में छोड़ा। चूंकि इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है, अतः चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा नर किंग कोबरा के लिए बनाए गए आवास की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सराहना की। साथ ही किंग कोबरा की लंबाई और वजन देख कर प्रसन्नता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सांपों के संरक्षण के लिए जोर देते हैं। इसी के तहत किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी, अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे लंबा विषैला साँप है, जिसकी लंबाई 18 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा को सबसे बुद्धिमान साँपों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह परिस्थितियों के अनुसार अपने शिकार करने की रणनीति बदलता है। मादा किंग कोबरा अन्य साँपों से अलग होती हैं, क्योंकि वे घोंसला बनाकर अंडों को सेती हैं। किंग कोबरा जैव विविधता और इको सिस्टम के लिए लाभदायक होते हैं और किसानों के मित्र कहे जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय में स्थित बर्ड पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री बर्ड पार्क में पक्षियों की विविधता और विभिन्न प्रजातियों को देख कर अभिभूत हो गए। उन्होंने पक्षियों को स्वयं अपने हाथ से दाना खिलाया। इसके अतिरिक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान शुतुरमुर्ग , पॉकेट मंकी और अन्य प्राणियों को निहारा। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, चिड़ियाघर निदेशक डॉ. उत्तम यादव एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।







## प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लालबाग पैलेस पहुंचकर होलकर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के लालबाग पैलेस परिसर के जीर्णोद्धार एवं उद्यान के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ किया**



## विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन्दौर के राजवाड़ा स्थित देवी अहिल्या उद्यान के पास सोमवार देर शाम लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन दर्शन से प्रेरित राज्य शासन की योजना और कार्यों पर आधारित विकास यात्रा आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, विधायक गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# देवी अहिल्याबाई दुनिया के लिए प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**इंदौर।** लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर आयोजित नाट्य मंचन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। सीएम ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की अद्वितीय शासन शैली और सुशासन की मिसाल को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने न केवल मालवा में सुशासन स्थापित किया, बल्कि उनकी दृष्टि ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी समृद्ध किया। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं मां अहिल्या की नगरी में आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। देवी अहिल्याबाई ने जिस अद्भुत तरीके से शासन चलाया, वह केवल मालवा ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। उनके शासन में नैतिकता और जनकल्याण का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। मुख्यमंत्री ने देवी अहिल्याबाई के जीवन के विविध पक्षों को भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई केवल एक आदर्श बहू नहीं थीं, बल्कि वे एक सक्षम शासक भी थीं, जिन्होंने अपनी दूरदृष्टि और कुशल प्रबंधन से समाज को सुशासन का संदेश दिया। उनकी सास गौतमी बाई ने उन्हें परिवार और राज्य दोनों की जिम्मेदारियां सौंपी और अहिल्याबाई ने उन्हें बखूबी निभाया। सीएम ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने सोमनाथ और काशी विश्वनाथ जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कर यह सिद्ध किया कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी हैं। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई का योगदान केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों और सेवा भावना को भी प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि आज का यह नाट्य मंचन हमें उनके जीवन के विविध पहलुओं से रूबरू कराएगा और यह हमारे लिए प्रेरणास्पद रहेगा।





## मुख्यमंत्री से मिले जालम सिंह पटेल

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, नरसिंहपुर के भाजपा के जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक एवं गोटेगांव के विधायक महेंद्र नागेश ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर 26 मई के दौरे को लेकर विस्तृत चर्चा की।

## नजरिया

# 'सिंदूर' के पीछे साजिश, पाकिस्तान के लिए जासूसी करती महिला की गिरफ्तारी से खुला बड़ा नेटवर्क

भारत में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही एक महिला की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। पाकिस्तान की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। आतंकवादियों को पालने और सीमा पर तनाव बढ़ाने के साथ एक के बाद एक वह साजिशें रचता रहा है। इसमें वह भारतीय नागरिकों को बहला-फुसला या किसी तरह फंसा कर खुफिया जानकारियां जुटाने का प्रयास करता रहा है। बीते कुछ दशक में उसने अपना यह जासूसी संजाल मजबूत कर लिया है।

'आपरेशन सिंदूर' के बाद चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिस तरह एक के बाद एक पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे लोग गिरफ्तार हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि उसका संजाल काफी फैला हुआ है। पर सवाल यह भी उठता है कि भारतीय खुफिया एजंसियों की जो सतर्कता अब दिखाई दे रही है, वह पहले क्यों नहीं थी। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को दुश्मन देश की खुफिया एजंसियां 'अपने संपर्क' के तौर पर काफी समय से तैयार कर रही थी।

हैरानी है कि इसकी भनक भारतीय एजंसियों को इतनी देर से क्यों लगी? इसके अलावा कई भारतीयों का आइएसआइ के संपर्क में आना गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एनआइए ने कैथल में एक पाक जासूस को पकड़ा, तो पंजाब पुलिस ने सैन्य जानकारी साझा कर रहे गुरदासपुर के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब तो जासूसी की जांच उत्तर प्रदेश के रामपुर तक जा पहुंची है।

ऐसा लगता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पहले से पाकिस्तान, भारत में जासूसों का जाल बना रहा था। अगर वह ऐसा कर रहा था, तो इस कड़ी को पकड़ने में चूक कैसे हुई। अगर यह दावा किया जा रहा है कि आतंकी हमले से पहले ज्योति मल्होत्रा पहलगाम गई थी, तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है और इसकी तह में जाने की जरूरत है। कुछ जासूसों का राजनीतिक संपर्क भी देखा गया है।

डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक की गिरफ्तारी को लोग आज भी नहीं भूले हैं। तब उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल भी उठा था। जासूसों को वीजा कौन और कैसे दिलवाता है, इसकी जांच भी होनी ही चाहिए।

### गरीब की दवा

# जेनेरिक दवाएं रोकेंगी अनैतिक मुनाफाखोरी

कई बार समाचार सुनने-पढ़ने को मिलते हैं कि परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों के महंगे इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों को टीस दे जाती हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है। दरअसल, बीते शुक्रवार को दवा कंपनियों की मुनाफाखोरी के कारोबार से बढ़ती दवाओं की कीमतों के बाबत एक मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि डॉक्टर केवल जेनेरिक दवाइयां ही लिखना प्रारंभ कर दें, तो दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है। निस्संदेह, तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर दवा कंपनियां चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने की क्षमता नहीं रखते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। चिकित्सा बिरादरी की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। ऐसे आक्षेपों से चिकित्सा बिरादरी भी दोषमुक्त नहीं हो सकती, जो दवा कंपनियों के लोभसंवरण से मुक्त नहीं हो पाती। सरकारों को देखना चाहिए कि दवा कंपनियों द्वारा पोषित कदाचार पर नियंत्रण के प्रयास जमीनी हकीकत क्यों नहीं बन पाते। यदि ये कदम सख्ती से उठाए जाएं तो गरीब मरीज गंभीर रोगों का उपचार करने में सक्षम हो पाएंगे।

### विश्व मधुमक्खी दिवस

# मधुमक्खियों से मिलने वाला शहद का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है



– योग गुरु महेश अग्रवाल



आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 20 मई को दुनिया भर में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया जाता है। विश्व मधुमखी दिवस मनाने का उद्देश्य मधुमक्खियों और अन्य परागणकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जो खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और टिकाऊ कृषि को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया की  लोगों के जीवन में मिठास बढ़ाने वाली शहद के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन किस तरह स्वास्थ्य वर्धक है, मधुमक्खियों से मिलने वाला शहद इम्?यूनिटी बूस्?टर के तौर पर काम करता है, इसमें मौजूद एंटीऑक?सीडेंट ह्रदय तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लाभदायक है। इसे एक आयुर्वेदिक औषधि के रूप में जाना जाता है। इसमें ग?लूकोज, सुक्रोज और माल?टोज, विटामिन -6 बी, विटामिन सी, एमिनो एसिड, कार्बोहाइड्रेट मुख?य रूप से पाया जाता है। यह सर्दी-जुकाम में आराम तथा गले की खराश दूर करने के भी काम आता है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन  का कहना था कि यदि पृथ्वी से मधुमक्खियां गायब हो जाएं तो इस दुनिया से 4 साल में मानव जाति का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। हमें इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि हमारी मानवीय गतिविधियां, बढ़ता प्रदूषण, औद्योगिकरण पेड़-पौधों पर कीटनाशकों का छिड़काव आदि के दुष्प्रभावों से दुनिया भर में जो मधुमक्खियों की संख्या कम होती जा रही है, उससे हमें आगामी समय में मानव जीवन को लेकर बड़े खतरों का सामना करना पड़ सकता है। दुनिया भर की कृषि भूमि परागण पर निर्भर करती हैं। अत~हमें सिर्फ मानव का ही नहीं बल्कि सभी पशु-पक्षियों के अस्तित्व के बारे में जागरूक रहना चाहिए तथा लोगों को मधुमक्खियों के महत्व को समझाना और उनके संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य करना चाहिए।

योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि शहद एक प्राकृतिक और पौष्टिक उत्पाद है जो मधुमक्खियों द्वारा बनाया जाता है। यह एक मीठा और चिपचिपा तरल पदार्थ है जो विभिन्न प्रकार के फूलों के अमृत से बनाया जाता है। शहद एक प्राकृतिक मिठास का स्त्रोत है जो चीनी के बजाय उपयोग किया जा सकता है शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो घावों को भरने और संक्रमण को रोकने में मदद कर सकते हैं। शहद में विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकते हैं।मधु एक उत्तम आहार के रूप में माना जाता है क्योंकि इसमें सरल शर्कराओं की अधिकता होती है जो त्वरित ऊर्जा प्रदान करती है। मधु का प्रयोग दवाई के रूप में तथा सभी आयुर्वेदिक दवाएं बनाने में होता है। शहद सबसे प्राचीन, प्राकृतिक टॉनिक है जो बच्चे से लेकर जवान, बुजुर्गों सभी के लिए लाभकारी है। रात को सोने से पहले शहद खाने पर अनिद्रा से छुटकारा मिलता है और पेट साफ रहता है। शहद के सेवन से सांस और गले के विकार, कब्ज, गठिया, दंत रोग, बाजू रोग, ह्रदय रोग, गुर्दा रोग से आराम मिलता है। शारीरिक टूट-फूट को दुरूस्त करने एवं उत्तकों के पुनः निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्त निर्माण और उसका शोधन करके शरीर को मजबूत बनाता है। स्मरण शक्ति बढ़ाता है। शहद को खुले घावों, जले घावों आदि पर कीटाणुनाशक औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसमें योगवाही गुण है अर्थात् जिस औषधि के साथ इसे मिलाकर लिया जाता है यह उसके गुणों में वृद्धि कर देता है। मुँह के छालों, जीभके अल्सर, नेत्र रोग, दमा, पीलिया, मासिक धर्म सम्बन्धी विकार, बुखार, कमजोर पाचन क्रिया, अधिक प्यास लगना, मोटापा घटाना आदि के लिए भी इसे उत्तम माना गया है।

शहद के गुणों का वर्णन कई धर्म ग्रंथों में किया गया है। पुराणों में विष्णु भगवान को कमल के फूल पर मधुमक्खी के रूप में आराम करते हुए दर्शाया गया है। ऋग्वेद में भी शहद तथा मधुमक्खियों के संबंध में वर्णन किए गए हैं। शहद का प्रयोग धार्मिक कार्यों तथा पूजा पाठ में किया जाता है, यूनान के लोग शहद को एक मूल्यवान आहार के रूप में मानते हैं। उनका मानना है कि यूनानी देवता अमर थे क्योंकि वे ऐम्ब्रोसिया का सेवन करते थे जिसमें शहद एक प्रमुख अवयव था। एरिस्टोटल की पुस्तक %नेचुरल हिस्ट्री में भी शहद का वर्णन शरीर को स्वस्थ रखने वाले भोजन के रूप में किया गया है।

मधुमक्खी एक महत्वपूर्ण कीट है जो पौधों के परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और शहद का उत्पादन करती है। मधुमक्खियाँ विभिन्न प्रजातियों में पाई जाती हैं और उनके विभिन्न प्रकार के व्यवहार और आदतें होती हैं।

मधुमक्खी के महत्व  मधुमक्खियाँ पौधों के परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं जो फसलों के उत्पादन के लिए आवश्यक है। मधुमक्खियाँ शहद का उत्पादन करती हैं जो एक पौष्टिक और उपयोगी उत्पाद है। मधुमक्खियाँ पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और पौधों और अन्य कीटों के साथ बातचीत करती हैं।

मधुमक्खी के संरक्षण के लिए मधुमक्खियों के आवास को संरक्षित करना और उनके लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना।कीटनाशकों का कम उपयोग करना और मधुमक्खियों के लिए सुरक्षित विकल्पों का उपयोग करना। मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना और मधुमक्खियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित प्रबंधन करना।

मधुमक्खियाँ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनके संरक्षण के लिए हमें प्रयास करने होंगे।

# क्रिकेट, कोहली और बाजार

अरविन्द मोहन

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट।

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था-ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं।

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक



विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवत~ बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा।

अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी %देश की सेवा% अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।

विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं।

कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं।

उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहार/फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की श्रृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल



ललित गर्ग

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है।

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है।। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत



राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है।

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे।

सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया  है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# सीमांकन,बंटवारा तथा नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें-कलेक्टर



**मंडला।** जिला योजना भवन में राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीमांकन,बंटवारा तथा नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें।यह तीनों बिन्दु सीएम डैशबोर्ड के महत्वपूर्ण घटक हैं,इनमें लम्बित प्रकरणों के कारण जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है।बैठक में तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आबादी भूमि,नजूल अभिलेख अपडेशन, आरसीएमएस पोर्टल,भू-राजस्व वसूली,नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती,नजूल प्रकरण, डायवर्सन,ब्रिस्क वसूली, आरआरसी,पीएम किसान ई-केवाईसी,सेल्फ रजिस्ट्रेशन,फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना,जल गंगा संवर्धन अभियान,अमृत सरोवर, खंडहर भवनों के ध्वस्तीकरण,उच्च न्यायालय की अवमानना प्रकरण सहित अन्य विषयों पर आवश्यक निर्देश दिये।अतिक्रमण के विषय में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हाईवे से लगे कस्बों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आवश्यक रूप से कराएं।तहसीलदार बीजाडांडी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जबलपुर हाईवे में स्थित बीजाडांडी तथा उदयपुर कस्बे में रोड के दोनों ओर तथा डिवाईडर पर रेहड़ी लगाने से यातायात प्रभावित होता है, इसलिए संबंधित कस्बों में आवश्यक रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें।

# खेलते खेलते सड़क पर गिरा बालक, मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सात वर्षीय बालक की सड़क में गिरने से उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुष्पेन्द्र पनिका पिता भारत लाल 7 वर्ष निवासी भमरहा ब्यौहारी अपने भाई के साथ खेल रहा था, इसी दौरान निर्माणाधीन सड़क में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने शनिवार की शाम जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि परिजन बालक को पहले ब्यौहारी में घायल अवस्था भर्ती कराए थे, जहां तबियत में सुधार न होने के कारण शनिवार की शाम जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे थे। इलाज के दौरान देर रात बालक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# घर में घुसा भालू, घंटे की मशक्क्त के बाद किया गया रेस्क्यू

**शहडोल।** जिले के अमझोर वन परिक्षेत्र के ग्राम गंधिया में रविवार की सुबह भालू एक घर में घुस गया, जिससे पूरा परिवार दहशत में आकर अपने आप को एक कमरे में बंद कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गंधिया में हर प्रसाद गुप्ता का परिवार सो रहा था, तभी अचानक सुबह 5 बजे घर के पीछे वाले कमरे से भालू की आवाज आनी शुरू हो गई। परिवार के लोगों ने जब जाकर देखा तो भालू इधर से उधर उत्पात मचा रहा था। पूरा परिवार दहशत में आ गया और अपने आप को बचाने के लिए एक कमरे में छिप गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों सहित वन विभाग को दी।

# जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 23 मई को

**शहडोल** – मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष जिला पंचायत शहडोल की उपस्थिति में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन 23 मई को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा।

# जिले में कुल 3.71 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल** – अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 18 मई 2025 को कुल 3.71 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0.0 मिमी., बुढ़ार में 1.0 मिमी., गोहपारू में 2.0 मि.मी., जैतपुर में 0.0 मिमी, चन्नौड़ी में 0.0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 25.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 26.0 मिमी वर्षा एवं औसत वर्षा 3.71 मिमी. दर्ज की गई है।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**शहडोल** – राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन हेतु 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ केदार सिंह द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु जनपद पंचायतवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। सोहागपुर जनपद पंचायत हेतु प्रशांत सालवार एवं पंकज तिलाटिया दोनो व्याख्याता पॉलीटेक्निक शहडोल, ब्यौहारी जनपद पंचायत हेतु एचएल पेन्टों बीईओ ब्यौहारी, तथा शशिकांत शर्मा प्राचार्य शा.उ.वि. खड्डा ब्यौहारी, जनपद पंचायत बुढ़ार के लिए अनूप सेन तथा डॉ मनोज कुजूर दोनो सहायक प्राध्यापक शा. नेहरू महा.विद्यालय बुढ़ार, जयसिंहनगर जनपद पंचायत के लिए महेन्द्र त्रिपाठी सहायक शिक्षक तथा पुष्पेन्द्र सिंह वरिष्ठ अध्यापक को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

# महिला ईकाई की प्रदेश अध्यक्ष बनी विभूति पटेल,मातृशक्ति ने दी बधाई

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)**- श्री धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर इंदौर के द्वारा दीवटिया निवासी विभूति पटेल डॉक्टर कृष्णकांत धाकड़ को म.प्र.महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बनाए गया उनकी नियुक्ति पर सोमवार को समाज की तमाम मातृशक्ति ने मिलकर उनका सम्मान कर उन्हें ढेर सारी शुभ कामनाएं प्रदान कर आशा व्यक्त की कि उनकी नियुक्ति से समाज को नई दिशा मिलेगी समाज की वेटी विभूति पटेल को नवीन दायित्व मिलने पर उनके दीवटिया निवास पर सुषमा नागर,महेश्वरी नागर,प्रीति नागर, शशिकला, शीला नागर, चंद्रकला, पवित्रा,सुखवती, कुंती, प्रियंका,रेनू,दीपा नागर सहित युवा समाजसेवी संजीव नागर ने बताया की भोपाल, रेहटी, तमोट, इकलामा, पारखेड़ी, औबेदुल्लागंज क्षेत्र की मातृ शक्ति के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर एवं विभूति डां कृष्णकांत धाकड़ का भव्य स्वागत किया गया।

# पुलिस डॉक्टर मारपीट मामले पर 3 दिन बाद हुई कार्यवाही, विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध

शहडोल। बीते शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात शहर के आई टी आई के पास स्थित होमगार्ड मे डॉक्टर कृष्णेन्द्र धर द्विवेदी और थाना सोहागपुर के कुछ पुलिसकर्मियों के बीच हुई मारपीट के मामले पर सोमवार को थाने मे 4 नामजद और 2 अन्य के विरुद्ध बी एन एस की विभिन्न धाराओं मे प्रकरण दर्ज किया गया है।

घटना को लेकर कई तरह के पक्ष जन चर्चा का विषय बने रहे लेकिन सोमवार को विवाद के दौरान मौके पर उपस्थित रहे लोगो के विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी थाना मे दर्ज की गयी है।

मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने बताया कि डॉक्टर से मारपीट मामले में पुलिसकर्मी, स्द्ध शुभवंत चतुर्वेदी, सिद्धार्थ रैकवार, हरेन्द्र सिंह, पवन सिंह के साथ अन्य 2 पुलिसकर्मी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 127 (1) तथा 3 (5) के तहत सोहागपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वही दूसरी ओर डॉक्टर द्वारा पुलिस के साथ किये गये विवाद और अभद्रता के विरुद्ध पुलिस ने बीएनएस की 121(1), 351(3), 3(5), 121,132,296 धाराओं के तहत डॉक्टर सहित अन्य दो लोगो के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

विदित हो इस तरह से हुई घटना को लेकर आम जनमानस के बीच पुलिस की शाख पर बट्टा लगा है। यदि जन चर्चाओ की माने तो आम लोग इस घटना से पुलिस सुरक्षा को लेकर असमनजस की स्थित मे नजर आ रहे है। बहरहाल पुलिस को चाहिए ऐसी घटनाओ की पुनरावृति न हो इस ओर कठोर कदम उठाते हुए आम लोगो के बीच पुलिस सुरक्षा के लिये बने विश्वास को और मजबूत करना चाहिए।




# ग्राम काचरकोना में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया

**नरसिंहपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के प्रति के जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक, विभिन्न प्रतियोगिताएं, जल संवाद, जल संगोष्ठी आदि ग्रामों व नगरीय क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम काचरकोना में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति काचरकोना के माध्यम से किया गया।

ब्लॉक समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान ने बताया कि राज्य शासन जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चला रही है। चांवरपाठा सेक्टर की ग्राम पंचायतों और ग्रामों में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों को अभियान से जोड़ा जा रहा है।

सीएमसीएलडीपी कक्षा के विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई

इसी क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में सीएमसीएलडीपी कक्षा के विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। यह नुक्कड़ नाटक मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिलथारी भौंरझिर सेक्टर द्वारा आयोजित किया गया।

# 24 मई तक लीज नवीनीकरण नहीं कराने पर होगी पट्टा निरस्त करने की कार्यवाही

**कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश 2732 प्रकरणों की की जाएगी समीक्षा**



**बैतूल।** जिले में नजूल पट्टों के नवीनीकरण को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि जिन भू-खण्ड धारकों की लीज की अवधि 31 मार्च 2025 तक समाप्त हो गई है और जिन्होंने अभी तक नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उन्हें 24 मई 2025 तक का अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित समय सीमा में नवीनीकरण नहीं कराने पर उनके पट्टों को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे ऐसे सभी प्रकरणों की सूची तैयार करें और भू-खण्डों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर लीज नवीनीकरण नहीं किए जाने की दशा में मौके पर जाकर तत्काल कब्जा हटाकर भूमि को शासन के अधीन लिया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया केवल नजूल भू भाटक सभी आवश्यक शुल्कों के भुगतान के पश्चात ही की जाए। बिना निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण किए किसी भी लीज का नवीनी करण नहीं किया जाएगा। जिले में ऐसे लगभग 2732 प्रकरण चिन्हित किए गए है। जिनमें पट्टा नवीनी करण लंबित है। इन सभी प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने बैतूल, मुलताई, आमला, बैतूल बाजार, भैंसदेही सहित सभी तहसीलों के राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है। कि वे इस कार्य को अभियान के रूप में लेकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें।

राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है। कि लीज नवीनीकरण से संबंधित सूचना को व्यापक रूप से प्रचारित करें ताकि संबंधित हितधारकों को समय रहते आवश्यक कार्यवाही करने का अवसर मिल सके। ÷सरकारी जमीनों के उपयोग में पार दर्शिता और नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। लीज नवीनीकरण की अंतिम तिथि 24 मई निर्धारित की गई है। इसके बाद सख्त कार्यवाही की जाएगी। भूखंड धारक लीज नवीनीकरण के लिए संबंधित एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर सकते है।

**जिला कलेक्टर आदेश को नलकूप खनन मालिक ने दी चुनौती**

# एमपी बोरवेल्स द्वारा प्रतिबंध के बाद भी आये दिन की जा रही बोरिंग

**मण्डला/अजीत पटेल**--जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को देखते हुये दिनांक 04/03/2025 को आदेश जारी किया गया है जिसमें 31/07/2025 तक के लिए समस्त बोरवल्स मालिकों को प्रचार-प्रसार तथा अन्य जानकारी के तहत सूचित किया गया था कि नवीन निजी नलकूपों के खनन पर 31 जुलाई 2025 तक प्रतिबंध लगा दिया है।जिला दण्डाधिकारी जिला मण्डला द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा-3 के अंतर्गत मण्डला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।जिले में निरंतर भू-जल की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुये अधिनियम की धारा-6(1) के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।मण्डला जिले की सीमा क्षेत्र की सीमा में नलकूप/बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सडकों से गुजरने वाली मशीनों को छोड़कर) और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन किया जाएगा। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन/बोरिंग का प्रयास कर रही है, ऐसी मशीनों को जप्त कर संबंधित के विरुद्ध में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया गया है। इस अधिसूचना का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा-9 के अनुसार दो वर्ष तक के कारावास या दो हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है। उपरोक्त आदेश शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले नलकूप उत्खनन पर लागू नही होगा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्ययोजनान्तर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा,इस हेतु उपरोक्तानुसार अनुज्ञा प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा। नवीन खनित निजी नलकूप एवं अन्य विद्यमान निजी जलस्त्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था हेतु अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत अधिग्रहण किया जा सकेगा।




## एम.पी.बोरवेल्स मालिक ने जिला कलेक्टर आदेश को दी चुनौती

जिला कलेक्टर के आदेश बावजूद विगत दिवस 18/05/2025 को रात्री में एम.पी.बोरवेल्स द्वारा ग्राम पंचायत टिकरिया अंतर्गत एक खेत में नवीन निजी नलकूप खनन किया गया है जिसकी मौका-ए- बारदात में बोरिंग के दौरान फोटो-वीडियो बनाई गई है, वहीं ग्रामीणों द्वारा नवीन निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध को लेकर बोरवेल्स के मैनेजर अंकित से पूछने पर उन्होंने दो तरफा जवाब दिया कि प्रतिबंध को जिला कलेक्टर द्वारा हटा दिया गया है, परन्तु अभी आदेश नहीं हुआ है।

जहां जल स्तर का निम्न होना तथा जिले में पानी की समस्यायों को लेकर आये दिन शिकवा-शिकायतें एवं समाचार प्रकाशन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर नलकूप खनन एम.पी.बोरवेल्स के मालिक महेंद्र पटेल द्वारा जिला कलेक्टर के आदेश को खुलेआम चुनौती देना अपराध की श्रेणी में आता है, अतः जिला कलेक्टर महोदय को चाहिए कि उनके द्वारा फोटो-विडियो एवं साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्यवाही किया जावे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नरसिंहपुर में निकाली गई विशाल पैदल तिरंगा यात्रा



**नरसिंहपुर,** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए शनिवार को नरसिंहपुर नगर में विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की तादाद में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, तिरंगा दल, युवा वर्ग, मातृशक्ति, नागरिक, बुजुर्ग और सभी धर्मो के धर्मगुरु इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर

नीरज दुबे, रामसनेही पाठक, पूर्व सैनिक श्री लालसाहब जाट, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, सुनील कोठारी, नीलकमल जैन, देवेन्द्र पाठक, मनीष ठाकुर, बन्ने खॉ, अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**उत्साह व उमंग के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा** नगर के सुभाष पार्क चौराहे से पैदल तिरंगा यात्रा शुरु हुई। यह तिरंगा यात्रा सुभाष पार्क से इतवारा बाजार, अष्टांग तिगड्डा, सांकल तिराहा, सुनका चौराहा, राम मंदिर, मेन रोड सिंहपुर चौराहा, हरेराम धर्मशाला के सामने से होते हुए वापस सुभाष पार्क में समाप्त हुई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथो में तिरंगा थामे हिंदुस्तान जिंदाबाद,भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ में देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है।

**जगह- जगह हुआ तिरंगा यात्रा का स्वागत** नगर में निकाली गई इस विशाल तिरंगा यात्रा को देखने के लिए जहां नागरिकों का हुजूम उमड़ रहा था। उनके मन में देशभक्ति का प्रेम स्वतः आने पर इस यात्रा में शामिल हो रहे थे। वहीं दूसरी ओर नागरिकों ने फूल वर्षा करके, शीतल पेय और फल वितरित कर इस तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

**शौर्य स्मारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया नमन** तिरंगा यात्रा के पूर्व सुभाष पार्क में स्थित शौर्य स्मारक में पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजगुरु, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल को फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी।

**पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान** तिरंगा यात्रा के पश्चात सुभाष पार्क में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व राज्य सभा सांसद श्री कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटैल, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर श्री नीरज दुबे व उपाध्यक्ष श्री अजीत जाट, गोटेगांव नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक और अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने पूर्व सैनिकों को फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने संयुक्त रूप से भारत माता की आरती की।

# निराश्रित बुजुर्ग महिला का किया अंतिम संस्कार

**शहडोल।** शहर के कल्याणपुर में विगत 30 वर्षो से टूटी-फूटी झोपड़ी निवासरत एक बुजुर्ग महिला काफी दिनों से असहाय और बीमार चल रही थी। बीमारी से ग्रसित बुजुर्ग महिला की बीते दिनों ह्रदय घात से मृत्यु हो गयी।स्थानीय लोगो के अनुसार बुजुर्ग महिला का अपना कोई भी नहीं था। इसके चलते लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से बुजुर्ग महिला का शरीर जल चुका था। घटना को लेकर स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना समाजसेवियो और पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर शव का अंतिम संस्कार के लिये समाजसेवीयो को सौपा गया। समाजसेवीयो ने विधि विधान से बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक/रा.शा.वि./न.पा.इ/2025 इटारसी दिनांक //2025

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से न्यास कालोनी इटारसी भवन / भूखंण्ड कमांक EWS -167 जो कि श्री / श्रीमति उर्मिला सिंह पत्नी प्रहलाद सिंह नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री/श्रीमती दुर्गा भाटी पत्नी राधेश्याम भाटी अपने नाम पर नामान्तरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन के नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि 15 दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

**पूर्व विधायक विनोद डागा की जयंती पर सुंदर कांड पश्च्यात विनम्र श्रद्धांजलि**

# स्मृति में निलय डागा ने दिव्यांगजनों को किया मोटराइज्ड ट्राइसिकल वितरण

**बैतूल।** पूर्व विधायक स्व.विनोद डागा की 76 वीं जन्म जयंती पर 19 मई सोमवार कोठी बाजार स्तिथ डागा हाउस,कोठी बाजार मे ठीक 9.15 मिनिट पर कार्यक्रम की शुरुवात में सर्वप्रथम श्रीमती निर्मला डागा ,श्रीमती दीपाली डागा एवं निलय डागा ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया। तथ पश्चयात विधिवत सुंदरकांड शुभारंभ किया गया। जिसमें राम नाम के सुमधुर स्वर से डागा हाउस राममय हो गया।

श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन धर्ममय और सेवा भाव से ओतप्रोत रहा। सुंदरकांड पाठ के उपरांत ठीक 11 बजे स्व.विनोद डागा को सभी ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुष्पांजलि दी। और श्री डागा को एक कर्मठ,जनसेवी, किसान हितैषी और जन नायक के रूप में स्मरण किया। जयंती के अवसर पर दिव्यांगजन कल्याण की दिशा में अहम पहल की जिसमे श्री डागा परिवार ने पांच दिव्यांग जनों सुरेश यादव सदर वासुदेव बघेल गौठाना, गोकूल चौधरी मंडई, रोशन पाटनकर सावंगा और मुन्नी सलामे कोदारोटी को मोटराइज्ड ट्राइसिकल का वितरण कर आर्शीवाद प्राप्त किया। पूर्व विधायक स्व.विनोद डागा एक कुशल और सशक्त राजनेता के साथ एक किसान और सफल उद्योगपति के रूप में उनकी पहचान रही है। श्री डागा किसानों एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्षशील रहे है। वही संस्कार उन्होंने अपने सुपुत्र कांग्रेस के पूर्व विधायक निलय डागा को दिए है। यह मुख्य कारण है। कि आज उनकी जयंती पर हर समाज वर्गो के सम्मानित जन बड़ी संख्या मे डागा परिवार के शामिल होने डागा हाउस पहुंचे। वहिं कार्यक्रम के अंत में श्री डागा परिवार ने सभी उपस्थित सम्मनित जनो का आभार व्यक्त किया।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/निविदा/25/105 सिरोंज दिनांक 19/05/25

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD 423560_1 | वार्ड 14 ढाल बाजार चौक से फूटे घर तक नवीन सब्जीमंडी मार्केट निर्माण | 573568/- | 5750/- | 2000/- | 03 माह |

शर्त टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के स्टोर शाखा से नाप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

## पेपर इंडस्ट्रीज की वित्त वर्ष 2024-25 में समेकित कुल आय 58 करोड़

**नासिक, एजेंसी।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई कोड - 512025), (जिसे पहले इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जो क्राफ्ट पेपर की विविध रेंज के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता में से एक है, ने अपने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2024-25 के ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं।बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री कारभारी धात्रक ने कहा, क्यू4 एफवाय25 में हमारी प्रगति से हम संतुष्ट हैं, जो हमारे विनिर्माण कार्यों की मजबूती और हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बाणगंगा पेपर मिल्स के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। हमारा प्लांट उच्च दक्षता के साथ संचालित हो रहा है, जो हमें टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाले क्राफ्ट पेपर उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार करता है। सस्टेनेबिलिटी (सततता) हमारी व्यावसायिक रणनीति का मूल है। हमारा यह संकल्प पर्यावरण के प्रति जागरूक तकनीकों को अपनाने में परिलक्षित होता है, जैसे कि रिफ्यूज-डेराइव्ड फ्यूल सिस्टम, जो अपशिष्ट को ईंधन में बदलने की सुविधा देता है और इस तरह पेपर उत्पादन में उपयोग किया जाता है-जिससे हमारे पर्यावरणीय प्रभाव में और कमी आती है। इसके अतिरिक्त, लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज के साथ किया गया हालिया पावर परचेज एग्रीमेंट स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा को अपने संचालन में शामिल करके, हम न केवल अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा स्थिरता को भी मजबूत कर रहे हैं।

## लियो ड्राईफ्रूट्स एंड स्पाइसेज़ ने जीता ईआईएच का ट्राइडेंट, ओबेरॉय और मुंबई फ्लाइट सर्विसेज कॉन्ट्रैक्ट

**मुंबई, एजेंसी।** लियो ड्राइफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड जो प्रीमियम गुणवत्ता वाले मसाले, सूखे मेवे और ग्रॉसरी उत्पादों की सोर्सिंग, प्रोसेसिंग, ट्रेडिंग और मार्केटिंग में एक विश्वसनीय नाम है, ने लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए ईआईएच लिमिटेड के साथ एक अनुबंध हासिल किया है, जो भारत की प्रमुख लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी कंपनियों में से एक है।यह समझौता के तहत, लियो मुंबई में ट्राइडेंट होटल्स, ओबेरॉय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, और ओबेरॉय फ्लाइट सर्विसेज को अपनी विशिष्ट मसालों और सूखे मेवों की रेंज उपलब्ध कराएगा। यह अनुबंध लियो के प्रीमियम होटल सेगमेंट पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है और ताज होटल समूह से हाल ही में प्राप्त हुए उनके समझौतों पर आधारित है।जहाँ उत्पाद दरें निर्धारित हो चुकी हैं, वहीं आपूर्ति की मात्रा अनुबंध की अवधि के दौरान अलग-अलग क्रय आदेशों के माध्यम से तय की जाएगी। कंपनी अनुबंध की प्रभावी तिथि से पहले बारह महीनों में लगभग 3 करोड़ के कुल आदेशों की उम्मीद कर रही है। कौशिक शाह, लियो ड्राइफ्रूट्स एंड स्पाइसेस ट्रेडिंग लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ने कहा, हमें ईआईएच लिमिटेड द्वारा मुंबई के उनके ट्राइडेंट होटल्स, ओबेरॉय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स और ओबेरॉय फ्लाइट सर्विसेस के लिए हमारे प्रीमियम मसाले और ड्राइ फ्रूट्स की आपूर्ति करने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है। यह अनुबंध लियो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हमारे लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

## फोकस लाइटिंग को एल एंड टी से 10.5 करोड़ का एलईडी ऑर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स लिमिटेड , जो एलईडी लाइट्स और फिक्स्चर्स के निर्माण एवं नवोन्मेषी प्रकाश समाधान में संलग्न है, को एल एंड टी (लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड) - कंस्ट्रक्शन डिवीजन से एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस ऑर्डर का मूल्य 10.5 करोड़ है और यह उन्नत एलईडी लाइटिंग और फिक्स्चर्स के निर्माण, आपूर्ति और डिलीवरी से संबंधित है, जिसे आठ महीनों की अवधि में पूरा किया जाएगा। यह विकास फोकस लाइटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि इससे इसके प्रतिष्ठित ग्राहकों की सूची में मजबूती आती है और कंपनी की एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित किया गया है। कंपनी उच्च प्रदर्शन वाली एलईडी लाइटिंग सिस्टम्स की एक श्रृंखला प्रदान करेगी, जिन्हें आधुनिक पायाभूत परियोजनाओं की कड़ी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स के प्रबंध निदेशक श्री अमित शेठ ने कहा, हम लार्सन एंड टुब्रो द्वारा इस महत्वपूर्ण ऑर्डर के लिए चुने जाने पर अत्यंत प्रसन्न हैं। एल एंड टी भारत की सबसे प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक है, और यह साझेदारी हमारे उत्पाद की गुणवत्ता, नियमों के पालन और समय पर डिलीवरी की क्षमता का एक मजबूत प्रमाण है। यह ऑर्डर पायाभूत परियोजनाओं में उन्नत प्रकाश समाधान की बढ़ती आवश्यकता को दर्शाता है, जहाँ प्रदर्शन और सौंदर्यशास्त्र दोनों की मांग होती है। हम एलएंडटी के सख्त तकनीकी मानकों को पूरा करने वाले कस्टमाइज़्ड लाइटिंग सिस्टम्स की आपूर्ति के लिए तत्पर हैं।

## अमेजन फैशन ने अपने जेन ज़ी ऑनलाइन स्टोर को सर्व के रूप में किया रीब्रांड

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेजन फैशन ने जेन ज़ी को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है. इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्वरूप में सर्व के नाम से पेश किया गया है। सर्व की बात करें तो इस शब्द का अर्थ खुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज़ में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं। ये शब्द आज के जेन ज़ी की जुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं. ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं. इसका मकसद है - फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन ज़ी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है. वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है. 'सर्व' आज के युवा ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़ने का तरीका पूरी तरह से बदलने वाला है जहां स्टाइल सिर्फ ट्रेंड नहीं, खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया बनता जा रहा है.

## मुख्यमंत्री ने किया 'म्यूजियम मेला' का शुभारंभ

**भोपाल ।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस (18 मई) के अवसर पर संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स में सप्ताहव्यापी 'संग्रहालय मेला' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय पुरातत्त्व ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। देश अपनी जड़ों को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। एक सिक्के को देखकर इतिहास बताने की क्षमता रखने वाले पुरातत्वविदों का कार्य अद्भुत है। उन्होंने डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर से अपनी भेंट का स्मरण करते हुए उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया और संचालनालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय परिसर में वर्चुअल रियलिटी अनुभव का अवलोकन किया और आमजन से आग्रह किया कि वे इस मेला अवश्य देखने आएं। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि हृश्वस्ष्टह्र की एक चौथाई साईट मध्यप्रदेश में स्थित हैं और आने वाले समय में और भी कई स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल हो सकते हैं।

# 20 किमी के दायरे में रहने वालों को 340 रुपए में महीने भर टोल सुविधा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोई अगर टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहता है और बार-बार फास्टैग से पैसे कटने पर परेशान है, तो इन लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। सरकार की नई योजना के तहत अब आप मात्र ?340 में मासिक टोल पास बनवाकर महीने भर टोल पार कर सकते हैं। यह सुविधा खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो रोजाना टोल प्लाजा से गुजरते हैं और टोल शुल्क देने से परेशान हैं। योजना का लाभ सिर्फ 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले निजी वाहन मालिकों को ही मिलेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए फास्टैग सिस्टम से युक्त वाहन अनिवार्य। लाभ लेने के लिए स्थायी पता प्रमाण दिखाना जरूरी। सरकार ने इस सुविधा को जुलाई 2024 से कुछ राष्ट्रीय राजमार्गों पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया है। आने वाले महीनों में यह योजना देशभर में विस्तारित की जा रही है। सितंबर 2024 में केंद्र सरकार ने 'जितनी दूरी, उतना टोल' नीति की घोषणा की थी, जिसके तहत तहस्स ट्रैकिंग वाले वाहनों से पहले 20 चरूतक का कोई टोल शुल्क नहीं लिया जाएगा। 20 किलोमीटर के बाद की दूरी के लिए ही टोल लागू होगा। यह नीति राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन के बाद लागू की गई है। कमर्शियल वाहनों (राष्ट्रीय परमिट वाले) को इस छूट में शामिल नहीं किया गया।

यानी ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम, एक ऐसी तकनीक है जिससे आपके वाहन की सटीक लोकेशन ट्रेस की जा सकती है। यह तकनीक फास्टैग आधारित टोल सिस्टम को स्मार्ट बनाती है। इससे यह तय किया जा सकता है कि वाहन ने कितनी दूरी तय की। इसके आधार पर डायनेमिक टोल लिया जाएगा या छूट दी जाएगी। यह पास केवल एक वाहन के लिए वैध होगा। पास बनवाने के लिए स्थानीय टोल ऑफिस या पोर्टल पर संपर्क किया जा सकता है। वाहन के दस्तावेज और पते का प्रमाण देना जरूरी होगा। एक बार पास बनने के बाद महीने भर अनलिमिटेड टोल क्रॉस कर सकते हैं।

### इसलिए जरूरी है यह पास

अक्सर लोग फास्टैग से कटते शुल्क को लेकर टोल प्लाजा पर बहस करते हैं। जबकि, नियम साफ कहते हैं कि टोल छूट तभी मिल सकती है जब आपके पास वैध टोल पास हो। बिना पास के कोई भी टोल कर्मचारी छूट नहीं देगा। क्योंकि, यह पास वाहन और पते दोनों से लिंक होता है, इसलिए इसका गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

# सोने के रेट में गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** मई महीने में सोने या चांदी खरीदने की सोच रहे है तो पहले 20 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज मंगलवार को सोने के भाव में 490 रूपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 1000 प्रति किलो की गिरावट आई है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 95 हजार और चांदी के भाव भी 97 हजार के पार ट्रेंड कर रहे है। आज मंगलवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 20 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 87,250 , 24 कैरेट का भाव 95, 170 और 18 ग्राम सोने का रेट 71,390 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 96,900 रुपए चल रहा है।

**18 कैरेट सोने का आज का भाव:** दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 71 390/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 71, 270/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 71, 310 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 71, 800/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

**22 कैरेट सोने का आज का भाव:** भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 87, 250/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 87, 100/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 87, 550/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

**24 कैरेट सोने का आज का भाव:** भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 95,070 रुपये दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 95, 170/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 95, 020/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 95,020/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 97,000 /- रुपये चल रही है।चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,06,000/- रुपये।भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 97,000/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

## रोट्रैक्ट जिला संगठन 3040 ने रचा इतिहास! महादान 10.0 ने बनाया अंतरराष्ट्रीय बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान




विश्व रोट्रैक्ट वीक के अवसर पर रोट्रैक्ट जिला संगठन 3040 द्वारा आयोजित महादान10.0 के अंतर्गत दक्षिण एशिया के विभिन्न स्थानों पर एक सप्ताह में कुल 78,567 रक्त यूनिट एकत्र कर एक सप्ताह में सबसे अधिक रक्त एकत्रण (कई स्थानों से) के लिए अंतर्राष्ट्रीय विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया है।महादान एक जनसेवा का आंदोलन है, जिसका यह दसवां संस्करण था। इस अभियान का सफल नेतृत्व जिला रोट्रैक्ट प्रतिनिधि आरटीआर. निकुंज गोयदानी, महादान चेयर आरटी आर अमन खान , जिला रोट्रैक्ट सचिव तंजीला शेख वा महादान सचिव आरटीआर. सौरभ नायक ने किया। इन सभी के मार्गदर्शन में हजारों रोट्रैक्टर्स ने पूरे समर्पण और उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे यह अभियान सेवा, नेतृत्व और मानवता का प्रतीक बन सका। यह उपलब्धि सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि युवाओं की एकजुटता, जागरूकता और समाज के प्रति कर्तव्य का प्रमाण है। महादान 10.0 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब सेवा की भावना सच्ची हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

### थिंक गैस 6 नए एलएनजी फ्यूलिंग हब के साथ एलएनजी सुविधा का विस्तार कर रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी थिंक गैस भोपाल बगरोडा और भोपाल में अपने अग्रणी एलएनजी स्टेशनों के सफल परिचालन के बाद रणनीतिक रूप से 3 (तीन) नए एलएनजी फिलिंग हब के साथ लंबी दूरी के भारी वाहनों के लिए कम उत्सर्जन वाले परिवहन की दिशा में भारत को तेजी से ले जा रही है। ये तीन नए एलएनजी पंप आंध्र प्रदेश के अनंतपुर, नेल्लोर और तमिलनाडु के कांचीवरम जिले के वल्लम में स्थित हैं जो लंबी दूरी के भारी वाहनों को सेवा देने के लिए रणनीतिक स्थान पर हैं और इनमें 25 सितंबर तक परिचालन चालू होने की संभावना है। इनके अलावा, और 3 एलएनजी फ्यूलिंग हम दिसंबर, 2025 तक परिचालन में आ जाएंगे। यह लंबी दूरी के भारी वाहनों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की इस कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।


## NEET-UG के रिजल्ट पर NTA ने कहा बिजली गुल से पेपर नहीं बिगड़ा, याचिकाकर्ता ने मौसम विभाग का अलर्ट बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी के रिजल्ट पर 15 मई को इंदौर हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर अगले दिन 16 मई को ही संशोधित आदेश जारी हो गया था। इसमें इंदौर के 11 परीक्षा केंद्र छोड़कर बाकी जगह के रिजल्ट जारी करने की मंजूरी दी गई थी। साथ ही इसमें एनटीए से जवाब मांगा गया था जो दे दिया गया है। नटीए की ओर से अधिवक्ता हिमांशु जोशी ने जवाब पेश किया। इसमें बताया गया कि चार मई को इंदौर में बारिश हुई थी और इसके चलते परीक्षा केंद्रों पर बिजली गुल हुई थी, यह सही है। थोड़ी अव्यवस्था हुई थी लेकिन इतना अंधेरा नहीं हुआ था कि किसी का पेपर बिगड़े। बिजली गुल होने से किसी का पेपर नहीं बिगड़ा और ना ही किसी भी केंद्र से सुपरवाइजर की ओर से इस तरह की रिपोर्ट दी गई। इसलिए सभी के रिजल्ट जारी करने की मंजूरी दी जाए। उधर पांच और याचिकाकर्ता इसमें इंटरविनर बन गए हैं। इसके चलते हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं पर अब 22 मई को एक साथ सुनवाई की बात कही है। इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा अधिवक्ता मृदुल भटनागर की ओर से तथ्य रखे गए। उन्होंने बताया कि तीन मई को परीक्षा से एक दिन पहले ही मौसम विभाग की चेतावनी जारी हुई थी जिसमें इंदौर जिले में भी बारिश, बिजली कड़कने इन सभी की चेतावनी थी, लेकिन इसके बाद बी पक्षकार मप्र पश्चिम बिजली कंपनी के एमडी द्वारा बैकअप व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते इन केंद्रों पर अंधेरा हुआ और एक से दो घंटे तक अभ्यर्थी परेशान हुए, इसमें अंधेरे में, मोमबत्ती की रोशनी में पर्चा देना पड़ा। उनके साथ गलत हुआ और उनका पेपर अंधेरे के चलते सही से नहीं हो सका। इंदौर हाईकोर्ट ने परीक्षा आयोजन दिन इंदौर में हुई तेज बारिश से बच्चों को हुई परेशानी और उनकी याचिका को देखते हुए रिजल्ट पर रोक लगा दी थी। इस पर एनटीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 16 मई को हाईकोर्ट इंदौर में जवाब दिया था कि इससे अन्य केंद्रों और बच्चे परेशान होंगे, यह समस्या केवल इंदौर के 11 परीक्षा केंद्रों पर थी। ऐसे में अन्य के रिजल्ट जारी करने दिए जाएं।

### याचिकाकर्ता की यह है आपत्ति

हालांकि याचिकाकर्ता ने इस पर आपत्ति ली और कहा कि ऐसा होने पर इनका नुकसान होगा, क्योंकि यह फिर एनटीए की काउंसलिंग में शामिल नहीं हो सकेंगे और उनका हक मारा जाएगा। लेकिन सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि वह एजेंसी के तर्क से सहमत है और इसलिए प्रभावित परीक्षा केंद्र छोड़कर अन्य रिजल्ट जारी करने की मंजूरी दी जाती है।

# किशोर कुमार के शहर खंडवा से ताल्लुक रखते हैं सितारे ज़मीन पर के सितारे आशीष पेंढसे उर्फ़ सुनील गुप्ता



जब से सितारे ज़मीन पर का मज़ेदार और दिलचस्प ट्रेलर रिलीज़ हुआ है, तब से दर्शकों में फिल्म को लेकर ज़बरदस्त एक्साइटमेंट है। लोग हंसी-मजाक और प्यार से भरी इस कहानी के ट्रेलर को देखने के बाद उसे बड़े पर्दे पर देखने का इंतज़ार कर रहे हैं। तारे ज़मीन पर के इस स्पिरिचुअल सीक्वल को लेकर मेकर्स भी लगातार नए-नए किस्से सामने ला रहे हैं, जिससे फिल्म की हाइप और बढ़ गई है। अब फिल्म से एक और सितारा इंट्रोड्यूस हुआ है - आशीष पेंढसे उर्फ़ सुनील गुप्ता, जो इस कहानी में अपनी अलग चमक बिखेरने वाले हैं।आशीष पेंढसे, जो मध्य प्रदेश के खंडवा शहर से हैं, जहां से महान गायक किशोर कुमार भी हैं, वह अपनी बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। आशीष अपनी पहली फिल्म सितारे ज़मीन पर में आमिर खान के साथ नजर आएंगे। वह एक खुशमिजाज और बेहद आत्मविश्वासी लड़के हैं, जो जीवन की चुनौतियों को खुशी से स्वीकार करता है। आशीष और उनके साथ नौ अन्य युवा कलाकार इस फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस का जलवा दिखाएंगे। फिल्म में आशीष सुनील गुप्ता नाम के सिक्योरिटी गार्ड का किरदार निभा रहे हैं। सितारे ज़मीन पर के डायरेक्टर हैं आर.एस. प्रसन्ना और प्रोड्यूसर आमिर खान हैं। यह फिल्म आमिर खान की 2007 में आई तारे ज़मीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल है। आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। आर. एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, जिन्होंने पहले बैरियर तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर शुभ मंगल सावधान बनाई थी, अब आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ ज़मीन पर में सबसे बड़े कोलैबरेशन के साथ वापसी कर रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी सितारे जमीन पर में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और म्यूजिक शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है। इसका स्क्रीनप्ले दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। इस फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने रवि भागचंदका के साथ प्रोड्यूस किया है। आर. एस. प्रसन्ना के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सोशल मीडिया से

हिंदी साहित्य के छायावादी कविता के प्रमुख हस्ताक्षर तथा प्रकृति के सुकुमार कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी का आज जन्म दिवस है इस अवसर पर मैं उनके श्री चरणों में सादर नमन करता हूं यह मेरा परम सौभाग्य है कि 31 मार्च सन उन्नीस सौ 68 मे उनसे हुई पहली मुलाकात के पश्चात जीवन पर्यंत मुझे उनका कुशल मार्गदर्शन एवं उत्साह वर्धन निरंतर प्राप्त होता रहा इतने महान साहित्यकार होने के पश्चात भी वह अत्यंत सरल और सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत करते थे वह स्वभाव से मृदुभाषी और विनम्र प्रवृत्ति के महान पुरुष थे उनसे हुई अनेक मुलाकातों के मधुर संस्मरण मेरी तथा मेरे परिवार की अमूल्य निधि है जिनमें उनके अनेकों मुद्राओं में किलिक किए गए फोटोग्राफ्स का विशाल भंडार भी शामिल है





# ठग लाइफ़ का ट्रेलर कमल हासन, मणि रत्नम, एआर.रहमान और फ़िल्म के कलाकारों की मौजूदगी में सितारों से सजे ठगफ़्लुएंसर्स इवेंट में लॉन्च हुआ

**चेन्नई** सिनेमाई उत्साह का केंद्र रहा, क्योंकि ठग लाइफ़ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हुआ - कमल हासन, मणि रत्नम और ए.आर. रहमान के बीच एक शानदार सहयोग। चेन्नई सिनेमाई उत्साह का केंद्र था, क्योंकि ठग लाइफ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर - कमल हासन, मणि रत्नम और ए आर रहमान के बीच स्मारकीय सहयोग - सितारों से सजे एक कार्यक्रम में जोरदार धूमधाम से लॉन्च किया गया, जिसने शहर को भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुनर्मिलन के उत्सव में बदल दिया। लॉन्च एक असाधारण मामला था - ठगफ्लुएंसर्स इवेंट - यह एक अनुभव था, प्रशंसकों, रचनाकारों और प्रभावशाली लोगों के लिए एक पूर्ण विकसित, इमर्सिव उत्सव, जो देश भर से ठग लाइफ के तूफान को देखने के लिए आए थे। शाम को फिल्म के दिग्गजों ने मंच की शोभा बढ़ाई - कमल हासन, मणि रत्नम, ए आर रहमान। रहमान, सिलंबरासन टीआर (एसटीआर), त्रिशा, अभिरामी और अशोक सेलवन–प्रत्येक को जोरदार तालियों और खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया। जैसे ही ट्रेलर विशाल स्क्रीन पर दिखाया गया, माहौल हांफने, जयकारे लगाने और रोंगटे खड़े करने से भर गया। कमल हासन का भयंकर परिवर्तन और चुंबकीय स्क्रीन उपस्थिति, रवि के चंद्रन के आकर्षक दृश्य और रहमान का आत्मा को भेदने वाला स्कोर एक ऐसे मोंटाज में एक साथ आए, जिसने शक्ति, दर्द और उद्देश्य को जगाया। अपने मूल में, ठग लाइफ बदला और विश्वासघात की गाथा का वादा करती है, जिसे एक ऐसे व्यक्ति की आंखों के माध्यम से बताया गया है जो वश में होने से इनकार करता है। ठगफ्लुएंसर इवेंट - क्रिएटर्स के लिए एक खेल का मैदान, यह इवेंट देश भर के डिजिटल




क्रिएटर्स और प्रभावित करने वालों के लिए एक आश्रय के रूप में दोगुना हो गया, मणिरत्नम ज़ोन की एक फ़िल्म ने सिनेप्रेमियों को उस्ताद की दुनिया में कदम रखने का मौका दिया, जहाँ इंटरैक्टिव डिस्प्ले के ज़रिए दृश्यों और सिनेमाई पलों का विश्लेषण किया गया। आरकेएफ़आई मूवीज़ ज़ोन ने नायकन से लेकर ठग लाइफ़ तक, प्रतिष्ठित बैनर की विरासत को श्रद्धांजलि दी। कमल हासन और एसटीआर के साथ एआर सेल्फी ज़ोन में प्रशंसकों ने सितारों के डिजिटल अवतार के साथ एक बार की ज़िंदगी भर की तस्वीरें लेने के लिए लाइन लगाई। विन्वेली नायकन सेटअप ने टीज़र से तीव्र, अलौकिक रूप को फिर से बनाया, जहाँ प्रशंसकों ने कमल हासन की खास पोशाक पहनी और पोज़ दिया। ठग्स ज़ोन ने रील और फ़ोटोशूट के लिए स्टाइलिश बैकड्रॉप और प्रॉप्स के साथ फ़िल्म की अंडरवर्ल्ड सेटिंग की गंभीरता और गंदगी को जीवंत कर दिया।

शाम को कलाकारों के साथ खुलकर बातचीत करने का सत्र भी आयोजित किया गया, जहाँ कमल हासन और मणिरत्नम ने 36 साल बाद अपने सहयोग के बारे में खुलकर बात की। रहमान ने बताया कि कैसे स्कोर फ़िल्म में नायक जितना ही एक किरदार है। एसटीआर, त्रिशा और सहायक कलाकारों ने मणिरत्नम के शानदार निर्देशन में काम करने और कमल हासन के दमदार अभिनय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के अपने अनुभव साझा किए। ठग लाइफ में कमल हासन ने रंगराया शक्तिवेल नायकर की भूमिका निभाई है, जो अपराध और न्याय के बीच की उलझनों को सुलझाने वाला एक जटिल व्यक्ति है। मणिरत्नम की पटकथा और निर्देशन एक बड़ी कहानी का वादा करते हैं, जबकि रहमान की रचनाओं से नाटक और भावनात्मक दांव बढ़ने की उम्मीद है।कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर. महेंद्रन और शिवा अनंत द्वारा निर्मित, ठग लाइफ में शानदार कलाकारों की एक पूरी टीम है। कमल हासन ने रंगराया शक्तिवेल नायकर की भूमिका निभाई है, उनके साथ सिलंबरासन टीआर, त्रिशा कृष्णन, अशोक सेलवन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जोजू जॉर्ज और अभिरामी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# विरासत से विकास





## 300वीं जन्म जयंती पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को कृतज्ञतापूर्ण नमन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## लोकमाता अहिल्याबाई के मूल्यों एवं आदर्शों को समर्पित

राजवाड़ा, इंदौर में

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद बैठक

का आयोजन

# विकसित मध्यप्रदेश @2047 विज़न डॉक्यूमेंट पर मंथन

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

20 मई, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे

D-11027/25

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025